# संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

**ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

(Telephone-0771-2511974, email-directorateoffood@gmail.com, website- www.khadya.cg.nic.in)


क्रमांक–214 /विधानसभा/2025 नवा रायपुर, दिनांक 21/2/2025

प्रति,

**सचिव,**
छत्तीसगढ़ शासन,
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,
मंत्रालय, अटल नगर, नवा रायपुर,

विषय– **विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1018 तारांकित द्वारा श्री सुशांत शुक्ला, सदस्य विधानसभा की जानकारी।**

कृपया विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1018 तारांकित द्वारा श्री सुशांत शुक्ला, सदस्य विधानसभा का उत्तर जिला बिलासपुर से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार कर आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।

**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.
संचालनालय, नया रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
## प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रश्न क्रमांक | - | 1018 |
| (2) | विभाग से उत्तर प्राप्त होने की अंतिम तिथि | - | 25.02.2025 |
| (3) | सदन में उत्तर देने की तिथि | - | 04.03.2025 |
| (4) | वर्ग जिसके लिए वह तिथि नियत है | - | वर्ग - 05 |

**विषय- बेलतरा वि.स. क्षेत्र में राशनकार्डों में परिवर्तन।**
**श्री सुशांत शुक्ला**

**तारांकित प्रश्न**

**क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -**

**(क) बेलतरा विधानसभा के अंतर्गत वर्ष 2022 से जनवरी, 2025 तक कितने APL राशन कार्डधारियों को BPL राशनकार्ड जारी किया गया तथा क्यों ? विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें?**

**(ख) प्रश्नांश "क" के BPL राशन कार्ड में परिवर्तन हेतु हितग्राही के किस पहचान पत्र का उपयोग किया गया तथा इस हेतु संबंधित हितग्राही से सहमति/आवेदन प्राप्त किया गया? यदि नहीं तो क्यों?**

**(ग) प्रश्नांश "क" के परिवर्तित BPL राशनकार्ड बनाने में किन-किन अधिकारियों की जवाबदेही थी ? क्या इस कार्य में गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त हुई ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ?**

**// उत्तर //**

**मानीय खाद्य मंत्री (श्री दयाल दास बघेल)**

(क) बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022 से जनवरी 2025 तक एपीएल राशनकार्ड को बीपीएल राशनकार्ड जारी नहीं किया गया है। प्रश्नांकित अवधि में नवीन अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित एवं निःशक्तजन राशनकार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने पर परीक्षण उपरांत पात्र पाए जाने पर 1,817 नवीन राशनकार्ड जारी किये गये है। विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

(ख) एपीएल राशनकार्ड को बीपीएल राशनकार्ड में परिवर्तन नहीं किया गया है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

(ग) एपीएल राशनकार्ड को बीपीएल राशनकार्ड में परिवर्तन नहीं किया गया है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता। एपीएल राशनकार्ड को बीपीएल में परिवर्तित करने की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अपितु दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के संदर्भ में जिला प्रशासन एवं राज्य स्तरीय जांच दल द्वारा जांच में एपीएल कार्ड को बीपीएल में परिवर्तित किया जाना नहीं पाया गया।

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.
संचालनालय, नवा रायपुर

प्रपत्र

## विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1018 तारांकित

### विधानसभा बेलतरा अंतर्गत वर्ष 2022 से जनवरी 2025 तक जारी किए गए नवीन अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित एवं निःशक्तजन राशनकार्ड की जानकारी

| क्र | विकासखंड | अन्त्योदय कार्ड | प्राथमिकता कार्ड | निःशक्तजन कार्ड | निराश्रित कार्ड | कुल राशनकार्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिल्हा | 98 | 1195 | 1 | 4 | 1298 |
| 2 | बिलासपुर शहर (वि ख बिल्हा) | 35 | 464 | 0 | 0 | 499 |
| 3 | कोटा | 3 | 17 | 0 | 0 | 20 |
| **Total** | | **136** | **1676** | **1** | **4** | **1817** |

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर.

संशोधित

# कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा), जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

//ज्ञापन//

क्रमांक/ 554 / खाद्य/2025 बिलासपुर, दिनांक 20 /02/2025

प्रति,

संचालक,
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,
संचालनालय, अटल नगर, रायपुर छ0ग0

विषयः- विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1018 तारांकित द्वारा श्री सुशांत शुक्ला, सदस्य विधानसभा

संदर्भः- आपका पत्र क्रमांक 39 /वि.स./2025 नवा रायपुर दिनांक 14.02.2025

--000--

विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1018 तारांकित की जानकारी निम्नानुसार तैयार किया गया है :-

| क्र | प्रश्न | क्र | उत्तर |
|---|---|---|---|
| क | बेलतरा विधानसभा के अंतर्गत वर्ष 2022 से जनवरी 2025 तक कितने एपीएल राशनकार्ड को बीपीएल राशनकार्ड जारी किया गया तथा क्यों? विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें? | क | बेलतरा विधानसभा के अंतर्गत वर्ष 2022 से जनवरी 2025 तक कुल 1817 एपीएल राशनकार्ड को निरस्त कर बीपीएल राशनकार्ड जारी किया गया है। एपीएल राशनकार्ड को बीपीएल में परिवर्तित नहीं किया जाता हैं आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन सह घोषणा पत्र में प्राप्त विवरण के आधार पर एपीएल राशनकार्ड को निरस्त कर राशनकार्ड की पात्रता एवं स्थानीय निकाय की अनुशंसा के आधार पर बीपीएल राशनकार्ड बनाए जाते है। विकासखण्डवार जानकारी परिशिष्ट अ में संलग्न हैं। |
| ख | प्रश्नांश "क" के बीपीएल राशनकार्ड में परिवर्तन हेतु हितग्राही के किस पहचान पत्र का उपयोग किया गया तथा इस हेतु संबंधित हितग्राही से सहमति/आवेदन प्राप्त किया गया? यदि नहीं तो क्यों? | ख | प्रश्नांश "क" के बीपीएल राशनकार्ड में परिवर्तन हेतु एपीएल राशनकार्ड को हितग्राही द्वारा प्रस्तुत आवेदन सह घोषणा पत्र के आधार पर हितग्राही के द्वारा राशनकार्ड का समर्पण, नवीन श्रमिक कार्ड बनाए जाने से पात्रता में परिवर्तन आदि कारणों से तथा जोन/जनपद/स्थानीय निकाय द्वारा एपीएल राशनकार्ड निरस्त किये जाने के अनुशंसा के आधार पर एपीएल राशनकार्ड को निरस्त कर बीपीएल राशनकार्ड बनाया गया हैं। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रश्नांश "ग" के परिवर्तित बीपीएल राशनकार्ड बनाने में किन-किन अधिकारियों की जवाबदेही थी? क्या इस कार्य में गडबडी की शिकायत प्राप्त हुई? यदि हॉ, तो क्या कार्यवाही की गई? | ग | एपीएल राशनकार्ड को बीपीएल में परिवर्तित किये जाने के संबंध में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है अपितु दैनिक अखबार में प्रकाशित एपीएल राशनकार्ड को बीपीएल में परिवर्तन किये जाने के संबंध में जिला प्रशासन तथा खाद्य संचालनालय स्तर से कराई गई जॉच में खाद्य विभाग के कर्मचारियों की गडबडी नहीं पायी गई है। |

उपरोक्तानुसार विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1018 तारांकित की जानकारी आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर सादर संप्रेषित है।

खाद्य नियंत्रक
जिला-बिलासपुर (छ0ग0)

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट 'अ'

विधानसभा बेलतरा अंतर्गत विकासखण्डवार वर्ष 2022 से जनवरी 2025 तक एपीएल विलोपित उपरांत नवीन बीपीएल बनाये गये राशनकार्ड की जानकारी

| स.क्र | विकासखण्ड | अन्त्योदय कार्ड | प्राथमिकता कार्ड | नि:शक्तजन कार्ड | निराश्रित कार्ड | कुल राशनकार्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिल्हा | 98 | 1195 | 1 | 4 | 1298 |
| 2 | बिलासपुर शहर (वि.ख. बिल्हा) | 35 | 464 | 0 | 0 | 499 |
| 3 | कोटा | 3 | 17 | 0 | 0 | 20 |
| TOTAL | | 136 | 1676 | 1 | 4 | 1817 |

खाद्य नियंत्रक
जिला–बिलासपुर छ0ग0

Scanned with OKEN Scanner